२१

विज्ञापन सामग्री

विद्युत सेवा आयोग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0

(उ0प्र0 सरकार का उपकम)

एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010

–: सार्वजनिक सूचना :–

सूचित किया जाता है कि उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० में विभिन्न पदों पर चयन हेतु कार्यवाही **विद्युत सेवा आयोग** द्वारा की जाती है जिसके लिये सम्बन्धित पदों हेतु विज्ञापन निर्गत कर कारपोरेशन की अधिकृत वेबसाइट www.uppcl.org पर सूचना दी जाती है। उपरोक्त वेबसाइट पर दी गयी सूचना के अतिरिक्त किसी अन्यत्र वेबसाइट पर दी गयी सूचना के लिये उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 अथवा विद्युत सेवा आयोग किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है।

कुछ अवांछित तत्व उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में नौकरी दिलाने के लिए झूठे वादों द्वारा अपने प्रभाव के माध्यम से या अनुचित और अनैतिक साधनों के जरिये उम्मीदवार/जनता को धोखा देने का प्रयास करते रहते हैं। **विद्युत सेवा आयोग** में भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत एवं पारदर्शी है और चयन उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होता है। जनता/उम्मीदवार को सचेत किया जाता है कि वे ऐसे व्यक्तियों/एजेंसियों के झूठे दावों में न आयें तथा वेबसाइट पर दी गयी अधिकृत सूचना के आधार पर ही आवेदन सम्बन्धी कार्यवाही करें।

सी0एम0एस0 इन्टरप्राइजेज ग्रेटर नोएडा द्वारा विज्ञापन सं0 CMSE/2018–19 निर्गत कर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सी0एम0एस0 इन्टरप्राइजेज ग्रेटर नोएडा की सहायता से निम्नलिखित विभिन्न पदो हेतु योग्य आवेदको को साक्षात्कार के लिए मूल प्रमाणपत्रों एवं छायाप्रतियों सहित आमंत्रित किया गया है।

क्र.सं.	पद का नाम	आयु	योग्यता	वेतन	अवधि
01	असिस्टेंट इंजीनियर(पु0/म0)	21–40वर्ष	बी0ई0, बी0टैक0, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन सिविल इंजीनियरिंग में।	28100रू0	18 वर्ष
02	जूनियर इंजीनियर(पु0/म0)	18–40वर्ष	बी0ई0, बी0टैक0,(इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग) में डिप्लोमा।	22500रू0	18 वर्ष
03	स्टेनोग्राफर(पु0/म0)	18–40वर्ष	स्नातक स्टैनो ज्ञान	18500रू0	15 वर्ष
04	क्लर्क(पु0/म0)	18–40वर्ष	12वीं	19000रू0	18 वर्ष
05	टैक्नीशियन(पु0)	18–40वर्ष	10वीं, 12वीं, आई0टी0आई0	18500रू0	16 वर्ष
06	कम्प्यूटर आपरेटर(पु0/म0)	18–40वर्ष	12वीं, कम्प्यूटर ज्ञान	17000रू0	12 वर्ष
07	चपरासी(पु0)	18–40वर्ष	10वीं	1650रू0	19 वर्ष
08	लाइनमैन(पु0)	20–40वर्ष	10वीं	16000रू0	15 वर्ष

उपरोक्त विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु सी0एम0एस0 इन्टरप्राइजेज द्वारा निर्गत विज्ञापन सं0 CMSE/2018–19 के लिए विद्युत सेवा आयोग/ उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है।

सचिव, विद्युत सेवा आयोग

नोटः–कृपया उक्त बाक्स के अन्दर का ही मैटर छापें।

पत्रांकः 1499 /विसेआ/नोटिस–2019 दिनांक : जुलाई 08, 2019

ESCUPPCL★ESCUPPCL★ESCUPPCL सचिव विद्युत सेवा आयोग उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 2019

(हस्ताक्षर)

1\D:\CSNo. 01\11\EXAM\2019\PUBLIC NOTICE\COVERING LT ADD.doc